बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 227412 पटना, दिनांक 11.04.2015

ग्रा.वि.- 14(सा0)गो0-02/2015

प्रेषक,

प्रदीप कुमार,
सचिव।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
गोपालगंज।

ईमेल

विषय:- **वित्तीय वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना एवं काम के बदले अनाज योजना के अन्तर्गत प्राप्त खाद्यान्नों का प्रबंधन उचित रीति से नहीं करने के कारण हुई हानि के संबंध में।**

प्रसंग:- **जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का पत्रांक- 1711 दिनांक- 01.12.2014**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गोपालगंज से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना एवं काम के बदले अनाज योजना के अन्तर्गत प्राप्त खाद्यान्नों का उठाव एवं वितरण संबंधित आंकड़ें पंचायत समिति स्तर के हैं। इनमें जिला परिषद एवं ग्राम पंचायत स्तर के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। केवल पंचायत समिति संबंधित आंकड़ों के आधार पर ही संबंधित सभी पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पृच्छा की कार्रवाई की जा रही है।

अत: अनुरोध है कि विषयांकित प्रासंगिक मामले में जिला परिषद एवं ग्राम पंचायत स्तर के खाद्यान्नों का उठाव एवं वितरण संबंधित आंकड़ें शीघ्र ही विभाग को उपलब्ध कराया जाय, ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। अन्यथा इसे शून्य माना जाएगा एवं इस प्रसंग में सारी जिम्मेवारी जिला की होगी।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाय।

विश्वासभाजन,
प्रदीप कुमार 10/4/15
(प्रदीप कुमार)
सचिव